**प्रेस नोट**
**दिनांक 31.08.2025**

## थाना इटियाथोक पुलिस व एस0ओ0जी0 टीम की संयुक्त कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त 02 शातिर बदमाश गिरफ्तार, 01 बदमाश गोली लगने से घायल, कब्जे से अवैध असलहा व चोरी की बुलेट मोटरसाईकिल बरामद-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एस0ओ0जी0 व थाना इटियाथोक की संयुक्त टीम द्वारा लालापुरवा से हर्रैया झूमन जाने वाली सड़क पर पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश- 1. मनीष तिवारी पुत्र बनवारी लाल तिवारी निवासी ग्राम ख्वाजाजोत थाना धानेपुर जनपद गोण्डा, व 2. सुरेंद्र कुमार भारती पुत्र गुरु प्रसाद भारती निवासी ग्राम पैकोरा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद बुलेट मोटरसाईकिल बरामद की गयी।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 20.08.2025 को वादी राघवेन्द्र प्रताप शाही पुत्र रामनरेश शाही ने थाना इटियाथोक पर लिखित तहरीर दी कि दिनांक 19.08.2025 को दोपहर के समय कस्बा इटियाथोक में गोण्डा-बलरामपुर मार्ग पर उनके आवास के बाहर से उनकी बुलेट मोटरसाइकिल UP 43 BH 6159 को दो अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एस0ओ0जी0/सर्विलांस को घटना के सफल अनावरण हेतु लगाया गया था। साक्ष्य संकलन व पतारसी सुरागरसी करते हुए आज दिनांक 31.08.2025 को थाना इटियाथोक व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम थाना क्षेत्र में अभियुक्तों की तलाश में भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त ग्राम लालापुरवा की तरफ से बुलेट मोटरसाइकिल से आ रहे है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण को ग्राम लालापुरवा से हर्रैया झूमन जाने वाली सड़क पर पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें अभियुक्तों द्वारा स्वयं को घिरता हुआ पाकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में अभियुक्त मनीष तिवारी के पैर में गोली लगी, इस दौरान उसके साथी सुरेंद्र कुमार भारती द्वारा मौके से भागने की कोशिश की गई लेकिन पुलिस ने तत्परता से घेराबंदी करके उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल गोण्डा में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद बुलेट मोटरसाईकिल बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना इटियाथोक में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. मनीष तिवारी पुत्र बनवारी लाल तिवारी निवासी ग्राम खाझा जोत थाना धानेपुर जनपद गोण्डा
2. सुरेंद्र कुमार भारती पुत्र गुरु प्रसाद भारती निवासी ग्राम पैकोरा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा

### अनावरित अभियोग-

01. मु0अ0सं0-203/2025, धारा 303(2) बीएनएस थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-214/25, धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद।

02. 01 अदद बुलेट मोटरसाईकिल UP 43 BH 6159।

**मनीष तिवारी पुत्र बनवारी लाल तिवारी का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 347/2023 धारा 379, 411 भा0दं0सं0 थाना नैनी जनपद यमुनानगर (कमिश्नरेट प्रयागराज)
2. मु0अ0सं0 658/2023 धारा 379, 411, 414 भा0दं0सं0 थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या
3. मु0अ0सं0 167/2024 धारा 379, 411 भा0दं0सं0 थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या
4. मु0अ0सं0 165/2024 धारा 120-B, 392, 411, 413 भा0दं0सं0 थाना धानेपुर जनपद गोण्डा।
5. मु0अ0सं0 633/2023 धारा 379, 411 भा0दं0सं0 थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।
6. मु0अ0सं0 640/2023 धारा 411, 419, 420, 467, 468, 471 भा0दं0सं0 थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।
7. मु0अ0सं0 641/2023 धारा 224 भा0दं0सं0 थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।
8. मु0अ0सं0 676/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 307 भा0दं0सं0 थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।
9. मु0अ0सं0 124/2024 धारा 379, 411, 413 भा0दं0सं0 थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा।
10. मु0अ0सं0 143/2024 धारा 411, 413, 414, 420, 467, 468, 471 कोतवाली देहात जनपद गोण्डा।
11. मु0अ0सं0 64/2021 धारा 392, 411 थाना कलक्टरगंज जनपद पूर्वी (कमिश्नरेट कानपुर नगर)।
12. मु0अ0सं0 83/2024 धारा 379, 411 थाना रेहरा बाज़ार जनपद बलरामपुर।

**गिरफ्तारकर्ता टीम-**

01. थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय थाना इटियाथोक

02. एस0ओ0जी0/सर्विलांस प्रभारी गौरव सिंह तोमर

03. व0उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद

04. उ0नि0 अविनाश कुमार विद्यार्थी

05. हे0कां0 अमित पाठक एसओजी

06. हे0कां0 रणधीर सिंह

07. हे0कां0 लोकेश नागर

**मीडिया सेल, गोण्डा।**